प्रेस विज्ञप्ति **20-01-2021**

आईटीआई लिमिटेड में नए सीवीओ के रूप में श्री बी. काशीविश्वनाथन, आईआरएसएमई 1991 ने कार्यभार ग्रहण किया।

बेंगलूरु : श्री बी काशीविश्वनाथन ने 20 जनवरी 2021 से आईटीआई लिमिटेड के मुख्य सतर्कता अधिकारी(सीवीओ) के रूप में कार्यभार ग्रहण किया।

गवर्नमेंट कॉलेज ऑफ टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में स्वर्ण पदक विजेता, श्री काशीविश्वनाथन ने भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के साथ अपने जीवन यात्रा की शुरुआत की, इसके बाद इंडियन रेलवे सर्विस ऑफ मैकेनिकल इंजीनियर्स (आईआरएसएमई) में शामिल होने से पहले इंडियन ऑर्डिनेंस फैक्ट्री सर्विसेस में कार्यरत थे।

उनके पास रोलिंग स्टॉक रखरखाव, परियोजना प्रबंधन, अध्ययन प्रणाली और अनुकूलन, सामग्री प्रबंधन, वित्त और लागत, मानव संसाधन प्रबंधन आदि जैसे विविध क्षेत्रों में लगभग तीन दशकों का व्यवसायी अनुभव है।

आईटीआई लिमिटेड में कार्यभार ग्रहण करने से पहले, श्री काशीविश्वनाथन, रेलवे भर्ती बोर्ड, बेंगलूरु के अध्यक्ष के रूप में पांच वर्षों से भी अधिक समय तक कार्य किया। रेलवे भर्ती बोर्ड, बेंगलूरु के नोडल अध्यक्ष के रूप में, देश भर में 2.37 करोड़ अभ्यर्थियों हेतु दुनिया के सबसे बड़े कम्प्यूटर आधारित परीक्षण का सफलतापूर्वक आयोजन और ऑनलाइन इंडेंटिंग और भर्ती प्रबंधन प्रणाली को व्यापक रूप से विकसित किया और इसे भारतीय रेलवे पर सफलतापूर्वक लागू किया गया।